समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# सनराइजर्स हैदराबाद के सामने 'करो या मरो' की स्थिति, दिल्ली से हारे तो सफर खत्म।

Publisher

Published on 05 May 2025

**हैदराबाद के लिए इस सीजन सबसे बड़ी कमजोरी उनकी बल्लेबाजी उभरकर सामने आई है. ऑस्ट्रेलिया मूल के बल्लेबाज ट्रेविस हेड की एक या दो पारी को छोड़ दिया जाए तो वह कुछ खास नहीं कर पाए है.**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के बीच टूर्नामेंट का 55वां मैच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा. भारतीय, समयानुसार शाम 7.30 से मैच का प्रसारण शुरू होगा.

टूर्नामेंट में खुद को जीवित रखने के लिहाज से यह मैच हैदराबाद के लिए काफी महत्वपूर्ण है. अगर दिल्ली से हारे तो टूर्नामेंट से बाहर हो जाएंगे. 10 मैचों में हैदराबाद के पास 6 अंक हैं और अंक तालिका में टीम 9वें स्थान पर है. प्लेऑफ में बने रहने के लिए हैदराबाद को हर हाल में दिल्ली के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी.

वहीं, दिल्ली अंक तालिका में 5वें स्थान पर है. दिल्ली ने टूर्नामेंट में अब तक कुल 10 मैच खेले हैं, जिसमें उसे 6 मैचों में जीत हासिल हुई. दोनों टीमों के बीच 25 मैचों में आमना-सामना हुआ है, जिसमें हैदराबाद की टीम ने 13 मुकाबलों में जीत दर्ज की है. वहीं, दिल्ली कैपिटल्स ने 12 मैचों में बाजी मारी है. हालांकि, पिछले 5 मैचों में दिल्ली की टीम ने 3 मैचों में जीत हासिल की है जबकि हैदराबाद को सिर्फ 2 बार जीत मिली है.

हैदराबाद के लिए इस सीजन सबसे बड़ी कमजोरी उनकी बल्लेबाजी उभरकर सामने आई है. ऑस्ट्रेलिया मूल के बल्लेबाज ट्रेविस हेड की एक या दो पारी को छोड़ दिया जाए तो वह कुछ खास नहीं कर पाए हैं. वहीं, ईशान किशन की एक पारी को छोड़ दिया जाए तो वह इस सीजन में आउट ऑफ फॉर्म नजर आ रहे हैं. अभिषेक शर्मा ने रन चेज के दौरान टीम के लिए कुछ अच्छी पारियां खेली हैं लेकिन टीम को जीत नहीं मिल पाई. गेंदबाजी के मोर्चे पर मोहम्मद शमी हैदराबाद की गेंदबाजी क्रम की कमजोर कड़ी बन गए हैं.

दिल्ली कैपिटल्स की टीम का गेंदबाजी और बल्लेबाजी क्रम में काफी संतुलन दिखाई दे रहा है. दूसरी ओर, दिल्ली कैपिटल्स के सामने सनराइजर्स हैदराबाद हर्ष दुबे को मौका दे सकती है. हैदराबाद ने स्मरण रविचंद्रन की जगह हर्ष दुबे को शेष मैचों के लिए शामिल किया है. दुबे ऑलराउंडर हैं और घरेलू क्रिकेट में विदर्भ के लिए खेलते हैं. उन्होंने 16 टी20, 20 लिस्ट ए मैच और 18 प्रथम श्रेणी मैचों में 127 विकेट और 941 रन बनाए हैं. वे 30 लाख रुपये में हैदराबाद से जुड़ेंगे.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.